- संसद को इन विशेषाधिकारों को लेकर एक स्पष्ट संहिता अथवा कानून का निर्माण कर पारदर्शिता, स्वायत्तता, जवाबदेहिता को बढ़ावा देना चाहिए।
- सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालयों की न्यायिक व्याख्याओं को संबंधित अनुच्छेदों में संविधान संशोधन के माध्यम से सम्मिलित किया जाए।
- विधायी सदस्यों और समितियों को इस संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया जाना।
- उल्लंघन के मामलों के निपटान में निष्पक्षता हेतु 'अनु० 323(B)' के तहत ट्रिब्यूनल स्थापना की दिशा में बढ़ा जाना चाहिए। आदि,

भारतीय संविधान 'सीमित शासन' की स्थापना करता है अतः विशेषाधिकारों का संहिताकरण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

महत्वपूर्ण बिन्दु सम्मिलित है

7.5

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

13. भारत में न्यायिक समीक्षा के महत्त्व की व्याख्या कीजिये। भारत में न्यायिक समीक्षा के संबंध में संविधान में प्रमुख प्रावधानों के साथ न्यायिक समीक्षा के दायरे पर चर्चा कीजिये? (250 शब्द) 15

Explain the significance of judicial review in India. Discuss scope of judicial review with key provisions in the constitution with respect to judicial review in India? (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

परिचय अच्छा है

न्यायिक समीक्षा से तात्पर्य न्यायपालिका द्वारा कार्यपालिका एवं विधायिका के कार्यों के साथ-2 स्वयं अपने पूर्ववर्ती निर्णयों की समीक्षा करने के अधिकार से है। लोकतंत्र को जीवंत व गतिमान बनाए रखने हेतु आधुनिक संविधानों में इसका प्रावधान एक अवश्यंभावी शर्त है।

– निर्णयों की वैधता की जांच

न्यायिक समीक्षा का महत्व

- शक्ति पृथक्करण के सिद्धांत के अनुरूप है।
- सीमित शासन स्थापना हेतु आवश्यक शर्त है।
- संविधान सर्वोच्चता को बनाए रखने का साधन।
- कार्यपालिका, विधायिका को निरंकुश बनने से रोकने का साधन है।
- 'विधि के शासन' को बनाए रखने हेतु आवश्यक है।
- संविधान अनुरूप लोक संप्रभुता, अधिकारों की प्राप्ति का साधन है।
- 'संतुलन एवं अवरोध' सिद्धांत अनुरूप है।

आवश्यक बिन्दुओं का समावेशन

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

न्यायिक समीक्षा से संबंधित संवैधानिक प्रावधान

- अनु॰-13 → कोई भी विधि जो मूल अधिकारों से असंगत होगी वह उस सीमा तक 'शून्य व रिक्त' होगी
- अनु॰-32 → मूल अधिकारों के संरक्षक के रूप में सर्वोच्च न्यायालय की अधिकारिता।
- अनु॰-136 → विशेष अनुमति याचिका का प्रावधान।
- अनु॰-141/142 → 'पूर्ण न्याय' हेतु सर्वोच्च न्यायालय को प्रदत्त शक्तियाँ।
- अनु॰-226 → उच्च न्यायालयों की समीक्षा करने की शक्ति जो मूल अधिकार व अन्य विधिक/कार्यपालिका मामलों तक विस्तृत है।
- मूल संरचना का सिद्धांत → कोई भी विधि यदि संविधान की मूलभूत विशेषताओं का उल्लंघन करती है तो विधिशून्य होगी।

अनु॰ के साथ प्रावधान की व्याख्या प्रभावशील है

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

न्यायिक समीक्षा का दायरा

1973 से पूर्व

⇒ केवल संवैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन पर ही।

⇒ 9th अनुसूची के अंतर्गत सम्मिलित विधानों की समीक्षा नहीं किया जा सकता।

शक्ति पृथक्करण।

1973 के पश्चात्

⇒ संविधान के प्रावधान तथा मूल संरचना का उल्लंघन होने पर समीक्षा संभव

⇒ 9th अनुसूची विधानों की भी ~~[illegible]~~ 'कैथ परीक्षण' के उल्लंघन अनुसार। (मूल अधिकार एवं मूल संरचना)





संविधान सर्वोच्चता को बनाए रखते हुए 'न्यायिक समीक्षा' को 'न्यायिक अतिसक्रियता' बनने से रोका जाना चाहिए तथा 'शक्ति पृथक्करण' एवं 'संतुलन व अवरोध' का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना।

प्रस्तुतीकरण प्रभावशील है, विषय-वस्तु अच्छी है।

7.5

Good

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

14. राज्य के संवैधानिक प्रमुख के रूप में राज्यपाल की भूमिका पर प्रकाश डालिये। 'केंद्र के एजेंट' के रूप में राज्यपाल की भूमिका की समालोचनात्मक विवेचना कीजिये। (250 शब्द) 15

Highlight the role of governor as the constitutional head of the state. Critically examine the governor's role as 'an agent of the center'. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारतीय संविधान संघात्मक शासन व्यवस्था की स्थापना करता है जिसे राज्य स्तर पर भी संसदीय शासन प्रणाली को अपनाया गया है

संसदीय शासन प्रणाली

सटीक शब्द का प्रयोग करें

- नाममात्र की कार्यपालिका/ संवैधानिक प्रमुख → राज्यपाल
- वास्तविक कार्यपालिका → मंत्रिपरिषद व मुख्यमंत्री

अनुच्छेद 154, 164, 161 200, 213

संवैधानिक प्रमुख के रूप मे राज्यपाल की भूमिका

- संविधान संरक्षण की शपथ लेने के कारण संविधान अनुसार राज्य शासन संचालन सुनिश्चित करना।
- 'अनु०-163' के अनुरूप मंत्रिपरिषद की सलाह अनुरूप कार्यकरण को संचालित करना।
- जहाँ विवेकाधिकार प्रयोग आवश्यकता हो वहाँ संविधान सम्मत प्रयोग करना। जैसे - अनु०-371, 5th अनुसूची, 6th अनुसूची

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

केंद्र का एजेंट एवं नकारात्मक छवि का निर्माण करता है - केन्द्र द्वारा शक्तियों का दुरुपयोग
- पक्षपातपूर्ण विचारधारा
- कठपुतली शासक
- विशेष राजनीतिक दल का पक्ष लेना
- शक्ति का दुरुपयोग

drishti | दृष्टि The Vision

- मंत्रिपरिषद के मार्गदर्शक, पथप्रदर्शक के रूप मे भूमिका निर्वहन करना।
- दलगत राजनीति से स्वयं को पृथक रखकर संवैधानिक प्रमुख की भूमिका का निर्वहन करना।

केन्द्र के एजेंट के रूप मे राज्यपाल की भूमिका

नकारात्मक भूमिका
- 'अनु०-356' के तहत विपक्षी दलों की सरकारों को बर्खास्त करने की रिपोर्ट भेजना। जैसे-1977 और 1980 मे।
- त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति मे केन्द्र के समर्थक दलों को अल्पमत मे होते हुए भी आमंत्रित करना। जैसे - महाराष्ट्र, कर्नाटक के मामले (विधानसभा

सकारात्मक
- केन्द्र और राज्यों के मध्य चेन/ कड़ी का कार्य करना।
- 'Union' रूप अनुरूप संघ सरकार का राज्यों पर नियंत्रण बनाए रखने हेतु
- केन्द्र के प्रशासनिक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

- चुनाव परिणाम समय।
- विधेयकों का दलगत राजनीति से प्रेरित होकर अनावश्यक रूप से राष्ट्रपति को आरक्षण।

केन्द्र एजेंट के रूप में भूमिका के कारण →
- राज्यपाल का पद राष्ट्रपति के प्रसाद-पर्यंत तक रहना।
- राष्ट्रपति द्वारा नियुक्ति, न कि निर्वाचन

किसी भी राज्य का राज्यपाल दो मुकुट पहनता है - एक संवैधानिक प्रमुख का और दूसरा केंद्र के एजेंट। इसीलिए दोनों भूमिकाओं के प्रभावी संचालन हेतु निम्न पर बल दिया जाना चाहिए-

⇒ सरकारिया, पुंछी आयोगों की सिफारिशों को अपनाया जाना।

⇒ विभिन्न न्यायिक निर्वचनों को संविधान संशोधन के माध्यम से संबंधित अनुच्छेदों में सम्मिलित करना। जैसे - S.R. बोम्मई वाद का निर्णय, सर्वोच्च न्यायालय के अन्य संबंधित व्याख्याएँ। आदि

16

आगे की राह
- लोकतंत्र के सुचारु संचालन के लिए निष्पक्ष विवेकपूर्ण निष्पक्ष व संविधान की भावना के अनुरूप
- संसद, विधानसभाओं की सहमति से एक आचार संहिता का निर्माण
- नियुक्ति प्रक्रिया ISPUC (?) से निर्धारित हो।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

15. क्या दल-बदल विरोधी कानून विचार विमर्श करने वाली संस्थाओं के तौर पर हमारी विधायिकाओं के कामकाज के लिये बाधा है, जो कि कार्यपालिका को नागरिकों के प्रति जवाबदेह बनाता है? समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिये। (250 शब्द) 15

Is the anti-defection law detrimental to the functioning of our legislatures as deliberative bodies, which hold the executive accountable to the citizens? Critically analyze. (250 words) 15

सरकार के स्थायीत्व को सुनिश्चित करने और "आया राम, गया राम" जैसी भ्रष्ट प्रवृत्तियों को रोकने हेतु दल-बदल विरोधी कानून को अधिनियमित किया गया।

दल-बदल कानून के प्रावधान
- सदस्यता का त्याग
  - स्वेच्छा से.
  - यदि 2/3 से अधिक सदस्यों द्वारा अन्य दल की सदस्यता ग्रहण की जाती है।
- दल-बदल संबंधी मामलों में सदन का अध्यक्ष ट्रिब्यूनल के तौर पर कार्य करेगा और उसका निर्णय अंतिम होगा। [हालाँकि सर्वोच्च न्यायालय समीक्षा कर सकता है।]

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

विचार-विमर्श

दल-बदल कानून का विचार-विमर्श वाली संस्था के रूप में विधानसभाओं की बाधा
- विधायकों को अपने विवेक अनुसार वोट देने से रोकता है।
- मतदाता और प्रतिनिधि के बीच जवाबदेही को कम करता है
- कुछ नेताओं द्वारा सदन में जो फैसले लिए जाते हैं निर्देशों के अनुसार विधायकों को वोट देना होता है।

आदि

दल-बदल कानून विधायी कामकाज के लिए बाधा है

- एक 'जनप्रतिनिधि' के स्थान पर विधायी सदस्यों को 'दल प्रतिनिधि' बनाता है।
- अनु॰-105/194 → सदन के सदस्यों को मुक्त रूप से अपनी बात कहने/रखने का अधिकार देते है। जबकि दल-बदल कानून उन्हें अपने दल के अनुरूप ही स्वयं को अभिव्यक्त करने हेतु बाध्य करता है।

दल-बदल कानून का प्रभाव

संवैधानिक प्रावधान	→	दल-बदल कानून पश्चात्
विधायिका के प्रति कार्यपालिका का उत्तरदायित्व अर्थात् लोक संप्रभुता।	→	कार्यपालिका का नियंत्रण विधायिका पर अर्थात् दलीय संप्रभुता

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

Copyright – Drishti The Vision Foundation

दल-बदल कानून की आवश्यकता

- सरकार के स्थायित्व को बनाए रखने हेतु आवश्यक।
- विकास कार्यों में निरंतरता को बनाए रखने हेतु आवश्यक।
- सत्तावादी राजनीति की प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाने हेतु।
- सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी विधि-संगत माना गया।

आगे की राह
- व्हिप जारी करने की प्रथा केवल ऐसे मामलों में जहां सरकार खतरे में हो
- अयोग्यता को तार्किक बनाने की आवश्यकता

आदि

भारतीय संविधान द्वारा संसदीय शासन प्रणाली को अपनाया गया है। अतः सरकार के स्थायित्व के साथ-2 कार्यपालिका के विधायिका के प्रति उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसीलिए दल-बदल कानून में संशोधन कर उसको सरकार के स्थायित्व से संबंधित मामलों तक सीमित कर सदन सदस्यों की जनप्रतिनिधि की भूमिका और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के अधिकार को संरक्षित किया जाना चाहिए। - Good

7.5

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

16. कुशल और पारदर्शी शासन के संघर्ष में नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG) का पद अग्रणी भूमिका में रहा है। इस कथन की विवेचना कीजिये। (250 शब्द) 15

The office of the CAG has been a vanguard in the fight for efficient and transparent governance. Examine. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

परिचय अच्छा है।

संसदीय शासन प्रणाली में कार्यपालिका अपने कृत्यों के लिए विधायिका के प्रति उत्तरदायी होती है। इसी क्रम में वित्तीय उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने के क्रम में 'नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG)' नामक संवै. संस्था की स्थापना की गई है।

'CAG' की भूमिका

- केन्द्र और राज्य सरकारों के वित्तीय लेखों की जाँच करता और यह सत्यापित करता कि व्यय विधायिका द्वारा स्वीकृत किए गए रूप में ही किए गए हैं।
- 'PSU' / लोक उपक्रमों से संबंधित खातों की ऑडिट करना।
- 'लोक लेखा समिति' के मित्र, मार्गदर्शक एवं सलाहकार के रूप में कार्य करता।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

सभी महत्वपूर्ण बिन्दुओं का समावेशन

- भ्रष्टाचार / घोटालों को सामने लाकर सरकारों का उत्तरदायित्व निर्धारित करना तथा अन्य एवं भावी सरकारों के लिए निवारक का कार्य करता।
- सरकार की वित्तीय स्थिति का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष विश्लेषण प्रस्तुत कर जनता को 'मत निर्माण' में सहायता करता।
- कुछ राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों के लेखों को बनाए रखना। आदि।

'CAG' की भूमिका में चुनौतियाँ

- 'CAG' का कार्य 'पोस्टमार्टम' के समान है। अर्थात उसका व्यय पर कोई वास्तविक नियंत्रण नहीं है।
- लोक लेखा समिति में सदस्यों के पास पर्याप्त तकनीकी योग्यता का अभाव होने से रिपोर्ट पर समुचित कार्यवाही का अभाव रह जाना।
- कुछ राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में 'CAG' द्वारा लेखा बनाए रखना और लेखा परीक्षण दोनों भूमिकाओं को निभाये जाने से लेखा परीक्षण में निष्पक्षता को लेकर संदेह उत्पन्न

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

होना।

- कई बार रिपोर्ट में अस्पष्ट व्याख्याओं के कारण प्रासंगिकता पर प्रश्न उठना। ~~आदि~~ +
- संसद में रिपोर्ट पर पर्याप्त विचारण हेतु समय का अभाव होना। आदि।

'CAG' की कुशल एवं पारदर्शी शासन व्यवस्था और निवारक प्रभाव उत्पन्न करने हेतु वर्तमान में भी महती भूमिका है। इस पर को और सशक्त बनाने हेतु निम्न पर बल दिया जा सकता है -

⇒ 'CAG' को 'AGI' के समान सदन में बोलने का अधिकार प्रदान किया जाए।

⇒ 'CAG' को अधिक तकनीकी सक्षम मानव संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाए।

⇒ लोक लेखा समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण व समुचित तकनीकी सहायकों, लाइब्रेरी आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करना। आदि।

महत्वपूर्ण आयामों तक पहुंच

7.5

प्रभावी

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

17. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को भारतीय संविधान की 'नवीन विशेषताओं' के रूप में वर्णित किया गया है। चर्चा कीजिये कि उन्होंने विभिन्न विधानों के आधार के रूप में कैसे कार्य किया है? (250 शब्द) 15

Directive Principles of State Policy have been described as 'novel features' of the Indian Constitution. Discuss how they have served as a basis for various legislations? (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को सरकारों के लिए नीतिगत मार्गदर्शनों के रूप में सम्मिलित किया ~~जा~~ गया। इन सिद्धांतों को शासन में मूलभूत मानते हुए सरकारों से अनुपालन की अपेक्षा की गई, अन्यथा सरकारों को ~~प्रत्येक~~ अगले चुनाव में इसका जवाब देना होगा - B.R. अंबेडकर।

परिचय प्रभावी

विभिन्न विधानों के आधार के रूप में नीति निदेशक सिद्धांत

- अनु॰ 40 → स्थानीय स्वशासन संस्थाओं को 73वें और 74वें संशोधनों, 'PESA' आदि से मूर्त रूप प्रदान किया जाना।
- अनु॰ - 46 → कमजोर और वंचित वर्गों के शोषण को, असमानता को कम करने हेतु राज्य प्रयास की अपेक्षा को आरक्षण प्रावधान, विभिन्न सकारात्मक विभेद कार्यवाहियों के माध्यम से मूर्त रूप प्रदान करना।

शैक्षणिक और आर्थिक

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

आवश्यक बिन्दुओं का समावेश

- अनु०-39A → न्याय तक समान पहुँच को सुनिश्चित करने हेतु लोक अदालत, ग्राम न्यायालय अधि०, नालसा जैसे प्रयास किये जाना।
  - बालकों की सुकुमार अवस्था के संरक्षण हेतु बालश्रम निषेध अधि०, किशोर न्याय अधिनियमन किया जाना।
- अनु०-41&42 → श्रमिकों हेतु श्रम संहिताओं का संहिताकरण किया गया है।
  - महिलाओं हेतु मातृत्व लाभ संशोधन अधि० 2017 का अधिनियमन।
- अनु०-43B → सहकारी समितियों को संवैधानिक स्वरूप हेतु 97वाँ संविधान संशोधन।
- अनु०-50 → कार्यपालिका और न्यायपालिका के मध्य शक्ति पृथक्करण हेतु CrPC 1973 का अधिनियमन।
- अनु०-45 → शिक्षा का अधिकार को मूल अधिकार का

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

महत्वपूर्ण आयाम शामिल

7.5

दर्जा दिया जाना। आदि।

इस प्रकार नीति निदेशक सिद्धांतों को विभिन्न सरकारों द्वारा केन्द्र और राज्य दोनों स्तर पर मूर्त रूप प्रदान करने की दिशा में बढ़ा गया है। इस संदर्भ में विधिक के साथ-2 योजनाओं, कार्यक्रमों को निर्मित कर 'सामाजिक-आर्थिक लोकतंत्र' को सुव्यक्त करने का प्रयास किया गया है। 'मिनर्वा मिल्स वाद' में कहा गया कि भारतीय संविधान की नींव मूल अधिकार और नीति निदेशक सिद्धांतों के संतुलन पर टिकी है। अनु०-39(B), (C) को मूल अधिकारों पर वरीयता को बनाए रखा गया।

वहीं कुछ प्रावधानों जैसे- अनु०-44 के समान नागरिक संहिता आदि के संदर्भ में प्रभावी कदमों का अभाव दिखाई पड़ता है।

नीति निदेशक तत्व मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में सरकारों को उचित दिशा में बढ़ने हेतु निर्देशित करते हैं।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

18. सरकार की नीतियों को प्रभावित करने में दबाव समूहों की भूमिका का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिये। (250 शब्द) 15

Critically analyze the role of pressure groups in influencing the policies of the government. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लि[खना] चाहिये। (Candidate must [not] write on this marg[in])

परिचय अच्छा है

समान हितों के आधार पर गठित समूहों को दबाव समूह कहते है क्योंकि अपने हितों की पूर्ति हेतु ये सरकार पर दबाव बनाने का कार्य करते है।

दबाव समूह के उदाहरण
- लेबर यूनियन।
- किसान संगठन।
- विभिन्न जातीय, धार्मिक संगठन। आदि

दबाव समूहों की भूमिका

सकारात्मक → नीति क्रियान्वयन को यथार्थ रूप प्रदान करने में सहायक
- ये सरकार और जनता के मध्य चेन / कड़ी का कार्य करते है।
- यह समूह जनता को सरकार के कार्यों के संदर्भ में जागरूक करते है।
- यह समूह अपने हितों के अनुरूप विधि, नीति निर्माण, कार्यक्रम निर्माण आदि हेतु सरकार से

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright - Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

से मांग करते है। इससे यह समूह नीतिगत / विधिक कार्यशीलता को सुनिश्चित करते है।

बिन्दु प्रभावशील

- लोकतंत्र का मूल तत्व ही सरकार की लोक अर्थात् जनता के प्रति जवाबदेयता सुनिश्चित करना है। यह समूह प्रदर्शन, हड़ताल, आंदोलन आदि के माध्यम से इसकी पूर्ति का प्रयास करते है। जैसे - किसान आंदोलन।
- यह समूह सरकार की निरंकुशता की तरफ बढ़ने से रोकने का कार्य / भूमिका भी निभाते है।

नकारात्मक भूमिका
- इनके द्वारा लॉबिंग जैसे गैर-विधिक साधनों का प्रयोग भी किया जाता है।
- विधायिका जो लोक संप्रभुता का प्रतिनिधित्व करती है, की भूमिका के निर्वहन में बाधा उत्पन्न करते है।
- इन समूहों का राजनीतिकरण हो

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright - Drishti The Vision Foundation

विश्लेषण अच्छा है

जाने से अनेक प्रदर्शन, हड़ताल आदि को दलीय/दलगत चश्मे से देखा जाना।
- विभिन्न समूहों की परस्पर विरोधी माँगों के होने पर सरकार के समक्ष समस्या उत्पन्न होती है।
- संकीर्ण माँगों का किया जाना।
- कई अवसरों पर हिंसक और गैर-विधिक साधनों को अपनाया जाना। आदि।

8

सरकार की नीतियों के निर्माण, क्रियान्वयन व मूल्यांकन में दबाव समूहों की प्रभावी भूमिका है। आवश्यकता है कि प्री-लेजिस्लेटिव स्क्रूटिनी, नीति समीक्षा आदि में इनकी भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट व मार्गदर्शक सिद्धांतों, परिपाटियों को स्थापित किया जाए।

प्रभावी

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

19. भारत में हाल ही में शुरू किये गए कुछ चुनावी सुधार कौन-से हैं? जहाँ तक चुनावी सुधारों का संबंध है, आपके अनुसार किन मुद्दों का समाधान किया जाना बाकी है? (250 शब्द) 15

What are some of the recent electoral reforms introduced in India? Which issues, according to you, still remain to be addressed as far as electoral reforms are concerned? (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

किसी भी लोकतंत्र को जीवंत व गतिशील बनाए रखने हेतु चुनाव सुधारों की व्यापक महत्ता है।

भूमिका प्रभावी

हाल में किए गए चुनाव सुधार

- 'NOTA' का प्रयोग → मतदाताओं को असहमति का अधिकार प्रदान किया जाना। कुछ राज्यों जैसे-महाराष्ट्र द्वारा इसको विधिक स्वरूप प्रदान किया जाना। हालाँकि 'MP/MLA' चुनावों में अभी 'NOTA' के सर्वाधिक मत होने पर पुनर्निर्वाचन का अभाव है।
- 'EVM' और 'VVPAT' [illegible] मशीन का प्रयोग :- मतदाताओं को अपने मत को सत्यापित करने और राजनीतिक प्रताड़ना से बचाने में सहायता हेतु।
- चुनावी बॉण्ड योजना → चुनावी

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

विफय-वस्तु अच्छी है।

वित्तीयन में पारदर्शीता का बढ़ावा देने हेतु। हालाँकि आधिकांश धन सत्ता पक्ष को ही प्राप्त होने से निष्पक्षता, पारदर्शीता को लेकर संशय विद्यमान होना। चुनाव आयोग द्वारा भी सुप्रीम कोर्ट में अपना हलफनामा दायर किया गया।

- जनप्रतिनिधियों को अपनी संपत्ति की घोषणा, अपने विरुद्ध चल रहे आपराधिक प्रकरणों की सूचना उम्मीदवार बनते समय प्रदान करना ताकि मतदाता को 'मत निर्माण' में सहायता हो सके। हालाँकि आपराधिक प्रवृत्ति वाले सांसदों/विधायकों की संख्या में वृद्धि हो रही है।
- दो साल से अधिक सजा होने पर विधायी सदस्यता का समापन होना। आदि।

मुद्दे जिनका समाधान आवश्यक है :-

⇒ चुनाव आयोग की निष्पक्षता को संरक्षित करने हेतु विधि का

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

आवश्यक बिन्दुओं और आयामों का समावेशन

निर्माण करना और चुनाव आयोग अध्यक्ष व सदस्यों के पश्चात्वर्ती सरकारी नियोजन पर रोक लगाना।

⇒ सांसदों/विधायकों के वादों पर निर्णयन हेतु ट्रिब्यूनल स्थापना करना।

⇒ चुनाव आयोग सदस्यों को भी अध्यक्ष के समान संरक्षण प्रदान करना।

⇒ 'मॉडल कोड ऑफ इलेक्शन'/चुनावी आचार संहिता को विधिक रूप प्रदान कर चुनाव आयोग को चुनावों के दौरान अधिक सशक्त किया जाए।

अच्छा प्रयास है

⇒ 'एक देश, एक चुनाव' के साथ-2 'एक उम्मीदवार, एक सीट' की धारणा की दिशा में भी बढ़ा जाए।

⇒ चुनावी वित्तीयन में पारदर्शीता हेतु पिछले आम चुनावों में मत प्रतिशत अनुरूप वित्त आवंटन हेतु एक 'चुनावी कोष' का निर्माण करना जिसे चुनावी बांड, नागरिक सहायता आदि से प्राप्त धन हो। आदि।

8

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

20. अनुच्छेद 368 के तहत भारत के संविधान में संशोधन की प्रक्रिया का वर्णन कीजिये। इस संशोधन प्रक्रिया की अक्सर आलोचना क्यों की जाती है? (250 शब्द) 15

Describe the procedure of amendment of the Constitution of India under Article 368. Why has this amendment procedure been often criticized? (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

परिचय अच्छा

भारतीय संविधान एक जीवंत दस्तावेज है। इसीलिए 'अनु०-368' मे इसको जीवंत बनाए रखने हेतु संशोधन प्रावधान व प्रक्रिया दोनो का वर्णन किया गया है।

संविधान संशोधन की प्रक्रिया

- कुछ प्रावधान संसद के दोनो सदनों साधारण बहुमत से संशोधित किए जा सकते है जैसे - 5th अनुसूची, 6th अनुसूची, अनु०-3,4 के तहत राज्य पुनर्गठन आदि।
- कुछ प्रावधानों मे संशोधन हेतु संसद के दोनो सदनो के 'विशेष बहुमत' अर्थात् कुल का बहुमत तथा उपस्थित एवं मत देने वालो का 2/3 बहुमत। जैसे - मूल अधिकार।

Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

- कुछ प्रावधानो हेतु संसद के दोनो सदनों का विशेष बहुमत तथा आधे से अधिक राज्यों के विधायी समर्थन की आवश्यकता होती है। इसमे संघात्मक शासन से संबंधित प्रावधानों को सम्मिलित किया गया है। जैसे- राष्ट्रपति का चुनाव, 7th अनुसूची का विषय आदि।

विषय-वस्तु अच्छी

उपरोक्त के पश्चात विधेयक को राष्ट्रपति की अनुमति हेतु भेजा जाता है। 24वे सं० संशो० के तहत राष्ट्रपति के लिए अनुमति देना बाध्यकर है। अर्थात् संविधान संशोधन विधेयकों के संदर्भ मे राष्ट्रपति के पास कोई 'वीटो शक्ति' नहीं है।

संशोधन प्रक्रिया की आलोचना के कारण

- राज्यों को संविधान संशोधन की प्रक्रिया मे पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया है जबकि एकल संविधान होने के कारण वह भी सभी

Copyright – Drishti The Vision Foundation

सभी आवश्यक बिन्दुओं का समावेशन

8

संशोधनों से प्रभावित होते है

- केंद्र और आधे से अधिक राज्यों में समान दल सरकार होने पर संविधान में व्यापक बदलाव के प्रयास किए जा सकते है, जैसे-42वें संशोधन द्वारा किए गए।
- राज्यों का अस्तित्व केंद्र पर निर्भर करता है। राज्य पुनर्गठन साधारण बहुमत से किया जा सकने के कारण।
- राष्ट्रपति को कोई वीटो शक्ति न होना। ऐसे में व्यापक बहुमत वाली सरकारें निरंकुश रूप में व्यापक बदलाव कर सकती है आदि।

भारतीय संविधान संघात्मक शासन के 'संघ' रूप की स्थापना करता है जिसके तहत शक्तिशाली केंद्र की स्थापना अवश्यंभावी है ताकि देश की एकता, अखंडता, सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। 'मूल संरचना' का सिद्धांत संशोधन प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने हेतु मार्गदर्शक का कार्य करता है।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

Space for Rough Work

(रफ कार्य के लिये स्थान)

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation